an>

Title: Need to set up an AIIMS in Moradabad in Uttar Pradesh

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): मुरादाबाद मंडल एक घनी आबादी का मंडल मुरादाबाद, बिजनौर, सम्बल, रामपुर, अमरोहा की सम्मिलित आबादी करोड़ों में है जहां के गंभीर मरीज एम्स, नई दिल्ली आते हैं। ज्यादा वर्कलोड की वजह से तारीख पर तारीख मिलती है और बहुत से मरीज अपनी जान गवां देते हैं। पश्चिमी उत्त प्रदेश के मुरादाबाद में यदि मिल सकेगा एम्स की स्थापना हो जाए तो मरीजों क समय रहते उपचार होंगे और एम्स दिल्ली का भी वर्कलोड कम होगा। मुरादाबाद लगभग 800 एकड़ सरकारी भूमि मौजूद है जिस पर इस संस्थान की स्थापना ह सकती है और उन परिवारों के परिजनों को सरकारी नौकरी भी मिल जाएगी जिन यह भूमि लगभग 40 साल पहले अधिग्रहण की थी जिसका उनसे उस समय वाद किया गया था। यदि इस जमीन का इस्तेमाल नहीं हो सकता तो यह किसानों क परिजनों को वापस दे दी जाए।

-